Regarding introduction of new trains in Maharashtra-laid

श्री मनोज कोटक **(मुम्बई उत्तर-पूर्व):** मुम्बई और मेरे संसदीय क्षेत्र मुम्बई नॉर्थ ईस्ट में बड़ी संख्या में कोकण क्षेत्र के लोग जीवन यापन के लिए प्रवास करते हैं। गणपति महोत्सव व अन्य समय पर सभी अपने पैतृक निवास कोकण आते जाते रहते है। कोकण रेलवे और सेंट्रल रेलवे से सम्बन्धित काफी समस्याओं का लम्बे समय से समाधान नहीं हो पाया है। इनमें से प्रमुख माँगो का जल्द से जल्द समाधान निकाला जाए ऐसी हमारी विनती हैं। 1. मुम्बई से चिपलुण के बीच एक नई ट्रेन का संचालन, 2. मुम्बई से सावंतवाड़ी तक नई ट्रेन का संचालन, 3. रत्नागिरी से दादर तक चलने वाली ट्रेन 50103/50104 को कोविड के पूर्व की स्थिति में बहाल किया जाए। 4. जन शताब्दी, मंगला एक्सप्रेस, तेजस एक्सप्रेस, करमाली एक्स्प्रेस, कवचुवेली एक्सप्रेस, मंगलोर मुम्बई एक्सप्रेस आदि को खेड पर अतिरिक्त हॉल्ट दिए जाए। 5. सावंतवाडी एक्सप्रेस और तुतारी एक्सप्रेस का हॉल्ट दिवान-कवाती पर शुरू किया जाए। यह मुम्बई में रहने वाले कोकण वासियों की बहुत पुरानी माँग है। इसे माननीय रेल मंत्री गंभीरता पूर्वक विचार कर मान्य करने की कृपा करे।